
UPHIN/2011/39718
(डिजिटल संस्करण)
बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

दैनिक
# यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition

यंग भारत
तेज न्यूज़
सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-227 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) गुरूवार 30 जुलाई 2026 youngbharatE-paper.com

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने पढ़े धर्मेंद्र प्रधान की शान में कसीदे

### बोले- 'आपने राष्ट्रदृष्टि में किया काम'


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊः** नीट पेपर परीक्षा लीक के विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे छात्रों के आंदोलन के बाद केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पद से इस्तीफा दे दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजे गए पत्र में प्रधान ने कहा कि पिछले 10 दिनों का घटनाक्रम देखकर उनका मन दुखी है। वह देश की युवाशक्ति को भ्रम के कुचक्र में फंसने नहीं देंगे। इसके बाद यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पर धर्मेंद्र प्रधान की शान में कसीदे पढ़े हैं।



अपने ङ्क अकाउंट पर सीएम योगी ने लिखा है- 'शिक्षा राष्ट्र के चरित्र का निर्माण करती है, उसकी चेतना को संस्कारित करती है और उसके भविष्य की दिशा निर्धारित करती है। धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के रूप में इसी 'राष्ट्रदृष्टि' को अपने कार्य का आधार बनाया। विद्यार्थी जीवन से लेकर सार्वजनिक जीवन तक उनका सतत प्रयास रहा कि भारत का प्रत्येक युवा अवसरों से जुड़े, अपनी प्रतिभा को पहचान सके, अपनी जड़ों पर गर्व करे और 'विकसित भारत' के संकल्प का सक्रिय भागीदार बने।'

### 'शिक्षा के क्षेत्र में हुए कई सुधार'

मुख्यमंत्री ने आगे लिखा है- 'धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में शिक्षा को नवाचार, कौशल, भारतीय ज्ञान परंपरा, अनुसंधान और वैश्विक प्रतिस्पर्धा से जोड़ने की दिशा में निरंतर प्रयास हुए। उनके प्रयासों ने देश की शिक्षा व्यवस्था में नए विमर्शों, नई संभावनाओं और नए आत्मविश्वास का संचार किया। सार्वजनिक जीवन में दायित्व बदलते रहते हैं, किंतु राष्ट्रहित में किया गया समर्पित कार्य समय के साथ और अधिक प्रेरणादायी बन जाता है।

### 'आगामी यात्रा के लिए अनंत शुभकामनाएं'

सीएम योगी ने लिखा है- 'धर्मेंद्र प्रधान जी, शिक्षा, युवा शक्ति और राष्ट्र निर्माण के प्रति आपके समर्पण, दूरदर्शी नेतृत्व व अथक प्रयासों के लिए हृदय से आभार एवं साधुवाद। पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में आपकी ऊर्जा, अनुभव और कर्मनिष्ठा आगे भी 'विकसित भारत' की विकास यात्रा को नई दिशा व नई गति प्रदान करती रहेगी। सार्वजनिक जीवन की आगामी यात्रा के लिए अनंत शुभकामनाएं।'

## मैं माफी नहीं मांगूंगा', फायरिंग वाले बयान पर राहुल गांधी कायम

### अमित शाह को हटाने की मांग

( यंग भारत न्यूज )

**नई दिल्लीः** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने साफ शब्दों में कहा कि वह अपने बयान पर 'माफी नहीं मांगेंगे' और गृह मंत्री अमित शाह को पद से हटाने की मांग पर कायम हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में छात्र आंदोलन के दौरान हुई कथित बर्बरता और पैलेट गन के इस्तेमाल की जवाबदेही गृह मंत्री की है। राहुल गांधी ने कहा कि अगर वह माफी मांग लेते तो उन्हें लोकसभा में बोलने की अनुमति मिल जाती, लेकिन वह ऐसा नहीं करेंगे।

लोकसभा में परीक्षा संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी के भाषण पर भारी हंगामा हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्र आंदोलन के दौरान पुलिस फायरिंग और पैलेट गन के इस्तेमाल के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जिम्मेदार हैं। इन टिप्पणियों पर सत्ता पक्ष ने कड़ा विरोध जताया और सदन में जोरदार नारेबाजी हुई। इसके बाद राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपना पक्ष रखा। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने सदन में देखा कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को कई बार बोलने का अवसर



मिला, लेकिन उन्हें अपनी बात पूरी रखने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा, 'अगर मैं माफी मांगता तो मुझे बोलने की इजाजत मिल जाती। मैं माफी नहीं मांगूंगा। मेरे लिए सबसे अहम मुद्दा दिल्ली की सड़कों पर छात्रों के साथ हुई कथित बर्बरता है। उन पर पैलेट गन से गोलियां चलाई गईं। कांग्रेस सांसद ने गृह मंत्री अमित शाह को सीधे निशाने पर लेते हुए आरोप लगाया कि पैलेट गन का इस्तेमाल गृह मंत्री की अनुमति के बिना नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि या तो गृह मंत्री ने पैलेट गन चलाने का आदेश दिया या फिर उन्हें इसकी जानकारी ही नहीं थी। राहुल गांधी ने कहा कि दोनों ही स्थिति में अमित शाह को पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली पुलिस गृह मंत्रालय के अधीन काम करती है, इसलिए जवाबदेही तय होनी चाहिए। राहुल गांधी ने बताया कि उन्होंने 25 तारीख को गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर दो सवाल पूछे थे। पहला सवाल यह था कि क्या छात्र आंदोलन के दौरान पैलेट गन के इस्तेमाल की अनुमति दी गई थी। दूसरा सवाल यह था कि सादे कपड़ों में बच्चों पर लाठियां बरसाने वाले लोग कौन थे। राहुल गांधी ने दावा किया कि अब तक उन्हें इन सवालों का कोई जवाब नहीं मिला है। राहुल गांधी ने बताया कि उन्होंने 25 तारीख को गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर दो सवाल पूछे थे। पहला सवाल यह था कि क्या छात्र आंदोलन के दौरान पैलेट गन के इस्तेमाल की अनुमति दी गई थी। दूसरा सवाल यह था कि सादे कपड़ों में बच्चों पर लाठियां बरसाने वाले लोग कौन थे। राहुल गांधी ने दावा किया कि अब तक उन्हें इन सवालों का कोई जवाब नहीं मिला है।

## मायावती ने लोकसभा में एंटी पेपर लीक बिल पास होने पर उठाए सवाल

### कहा- लोगों में चिंता बरकरार है

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊः** लोकसभा से एंटी पेपर लीक बिल पास हो गया है। हंगामे के बाद ध्वनि मत से मंजूरी मिल गई है। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि देश में पेपर लीक के जघन्य अपराध और उसके कारण नौजवान छात्र-छात्राओं का उनका भविष्य अंधकार होता देख अनेक आत्महत्या जैसी अति-दुखद घटनाओं की रोकथाम की उपाय के रूप में संसद ने एक बार फिर से एक और सख्त सजा के प्रावधान वाला कानून बनाने वाला बिल लोकसभा में आज अन्ततः पास कर दिया है, लेकिन क्या केवल इससे समस्या का समाधान हो जाएगा, इसकी चिंता लोगों में बरकरार है, क्योंकि लोगों को यह आपाधापी-जल्दबाज़ी में लिया गया एक और कदम ज़्यादा लगता है, जबकि अन्य और भी उपायों को तत्काल सख़्ती से लागू करना जरूरी है।



बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि वास्तव में यह कदम भी पेपर लीक होने के बाद सख़्त सज़ा का प्रावधान करता है, जबकि पेपर लीक का पूरा मामला इस महा अपराध को होने देने से पहले ही इसे रोकने का है, अर्थात अपराध नियंत्रण ज़्यादा महत्वपूर्ण है, जो कि अधिकतर मामलों में यहां कहीं भी प्रभावी होता हुआ नजर नहीं आता है, और यह पेपर लीक के पिछले क़ानून के निष्प्रभावी होने से भी स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि हकीकत में अन्य अपराधों की तरह पेपर लीक जैसे जघन्य अपराध के नियंत्रण के लिए सख़्त से सख़्त कानून से अधिक इसकी रोकथाम के लिए बेहतर से बेहतर उपाय करने की ज़रूरत है, जिसके तहत शिक्षा के लिए शोषणकारी ऋण को सस्ता करके उसे कल्याणकारी बनाना, सरकारी स्कूलों में अच्छी शिक्षा आदि सहित पूरी शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की जरूरत है, ताकि गरीबों, उपेक्षितों, शोषितों और अन्य मेहनतकश लोगों के बच्चे भी समता व समानता के साथ आगे बढ़ सकें, जो परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के कल्याणकारी संविधान का उद्देश्य तो है, किन्तु इसका हर स्तर पर वर्तमान में घोर अभाव है। दरअसल, अमीर परिवारों के लोग तो धनबल के आधार पर अपनी मनमानी व मनचाही पढ़ाई आदि प्राप्त कर लेते हैं, किन्तु करोड़ों ग़रीब परिवारों के बच्चे-बच्चियों का क्या जो होनहार होने के बावजूद अपना जीवन संवार नहीं पाते हैं। वैसे भी पेपर लीक शिक्षा व्यवस्था में बिगाड़ का केवल एक उदाहरण है, जबकि शिक्षा व्यवस्था में बिगाड़ की जड़ काफी गहरी व अति-गंभीर है। इसके निदान के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति व नेक नीयत के साथ अनवरत ईमानदार प्रयास की ज़रूरत है, तभी कुछ मुट्ठी भर लोगों के बजाय करीब 140 करोड़ लोगों का यह देश आगे बढ़ पाएगा। यह अति-दुखद है कि पेपर लीक रोकथाम संबंधी बिल पर भी बहस के दौरान अधिकतर पार्टियां दलगत राजनीति से ऊपर नहीं उठ पायीं अर्थात् संसद में चर्चा के दौरान पूरी गंभीरता कम व एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप ही ज़्यादा रहा। ऐसे में क्या नया बनने वाला यह पेपर लीक निरोधक क़ानून कितना सार्थक होगा

### ज़िले मे 3 वर्ष से ज़मे दिग्गज डीएम राजेश पांडेय के वफादार अधिकारी प्रशिशु आईएएस रिंकू सिंह को नहीं करने दे रहे हैं काम

## जांच करने नगर पालिका पहुंचे रिंकू सिंह तो ईओ के समर्थकों ने मचा दिया बवाल

- 2 दर्जन सभासदों ने डीएम से की थी नपा मे भ्रष्टाचार की जांच रिंकू सिंह से कराने की मांग, जिस पर डीएम ने जॉइंट् मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह को जांच करने के आदेश दिए थे
- एक सप्ताह बाद एक अन्य शिकायत नपा के सम्बंध मे डीएम के पास पहुंची थी इस पर डीएम ने एक कमेटी बनाकर जांच के आदेश दिए थे
- बाद मे डीएम ने एक एकतरफा आदेश कर के रिंकू सिंह को जांच समिति से बाहर कर दिया था, मगर यह आदेश रिंकू सिंह के पास नहीं भेजा गया था

(प्रधान सम्पादक)

( यंग भारत न्यूज )


**उरई।** नगर पालिका परिषद उरई में कथित वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं की जांच को लेकर बुधवार को एक घमासान पैदा हो गया। संयुक्त मजिस्ट्रेट एवं एसडीएम (न्यायिक) रिंकू सिंह राही अपनी टीम के साथ जांच के लिए नगर पालिका कार्यालय पहुंचे, जहां अभिलेख उपलब्ध कराने को लेकर अधिशासी अधिकारी (ईओ) राम अचल कुरील से उनकी तीखी बहस हो गई। इस घटनाक्रम ने पहले से चर्चित जांच को नया मोड़ दे दिया है।

जानकारी के अनुसार, जिलाधिकारी जालौन द्वारा 10 जून 2026 को जारी आदेश के तहत नगर पालिका परिषद उरई में कथित अनियमितताओं की जांच के निर्देश दिए गए थे। यह आदेश जिलाधिकारी कार्यालय के शिकायत रजिस्टर में क्रमांक 563 पर दर्ज बताया जा रहा है। इसके बाद संयुक्त मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही ने जांच के क्रम में नगर पालिका प्रशासन को कई बार पत्र लिखकर आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराने को कहा, लेकिन उनका कहना है कि किसी भी पत्र का संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। बुधवार को रिंकू सिंह राही अपनी टीम के साथ नगर पालिका पहुंचे और जांच से संबंधित अभिलेख मांगे। इस पर अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील ने कहा कि रिंकू सिंह राही को जांच समिति से हटाया जा चुका है और उनके स्थान पर वर्तमान एसडीएम जालौन राकेश कुमार सोनी को समिति का सदस्य नामित किया गया है। उनका यह भी कहना था कि नगर पालिका परिषद द्वितीय श्रेणी की निकाय है, जिसकी जांच एडीएम स्तर के अधिकारी द्वारा की जा सकती है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें उच्च अधिकारियों के निर्देश के बिना अभिलेख उपलब्ध न कराने के निर्देश प्राप्त हैं। दूसरी ओर रिंकू सिंह राही का कहना है कि उन्हें जांच रोकने अथवा समिति से हटाए जाने का कोई आधिकारिक आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। उनका कहना है कि सक्षम प्राधिकारी के आदेश के आधार पर वह जांच प्रक्रिया पूरी करने पहुंचे थे और नगर पालिका प्रशासन का दायित्व था कि आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराए जाएं। इसी बीच मंगलवार देर शाम जिलाधिकारी कार्यालय का एक आदेश


**जांच के दौरान अराजकता जैसी स्थिती हो जाने के वाबजूद जिला और पुलिस प्रशासन द्वारा जांच अधिकारी रिंकू सिंह को मांगने के वाबजूद भी पुलिस फोर्स उपलब्ध नहीं कराई**

**12 बजे दोपहर से शाम साढ़े 5 बजे तक रिंकू सिंह नगर पालिका कार्यालय मे रहे मगर जिलाधिकारी के स्तर से अपने अधीनस्थ अधिकारी के पक्ष मे कोई मदद नहीं की गई फलस्वरुप रिंकू सिंह और ईओ नगर पालिका के बीच ऐसे नोकझोंक होती रही जैसे ये कोई सरकारी मामला न होकर**

सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। आदेश के अनुसार नगर पालिका परिषद उरई में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय समिति का पुनर्गठन किया गया है। तत्कालीन एसडीएम जालौन रिंकू सिंह राही के स्थानांतरण के बाद उनकी जगह वर्तमान एसडीएम जालौन राकेश कुमार सोनी को समिति का पदेन सदस्य नामित किया गया है, जबकि समिति के अन्य सदस्य पूर्ववत रखे गए हैं। कार्यालय जिलाधिकारी के अभिलेखों के अनुसार, 18 जून 2026 को गठित तीन सदस्यीय जांच समिति में रिंकू सिंह राही सदस्य थे। बाद में उनके पद परिवर्तन के उपरांत 17 जुलाई 2026 को अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) प्रेमचंद द्वारा जिलाधिकारी की



स्वीकृति से समिति का पुनर्गठन करते हुए राकेश कुमार सोनी को पदेन सदस्य नामित किया गया। इस बीच नगर पालिका में जांच के दौरान एक और विवाद सामने आया। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, जांच के समय कुछ कमरों में ताले लगे मिले और कई कर्मचारी वहां से चले गए। हालांकि इस संबंध में नगर पालिका प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। वहीं अधिशासी अधिकारी ने पूरे मामले में अपना पक्ष उच्च अधिकारियों को भेजने की बात कही है। नगर पालिका परिषद उरई में कथित अनियमितताओं की जांच पहले से ही जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है। समिति के पुनर्गठन के बाद भी रिंकू सिंह राही का जांच के लिए पहुंचना और अभिलेखों को लेकर हुआ विवाद



प्रशासनिक हलकों में कई सवाल खड़े कर रहा है। फिलहाल जिला प्रशासन की ओर से इस पूरे घटनाक्रम पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। जांच आगे किस अधिकारी के नेतृत्व में होगी और अभिलेखों को लेकर उत्पन्न विवाद का क्या समाधान निकलेगा, इस पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

- एसी परिस्थिति में रिंकू सिंह प्रशिक्षु आईएएस अपने लिए किए गए डीएम के दिनांक 10 जुलाई के आदेश के क्रम मे पूर्व घोषित अपने कार्यक्रम के अनुसार नगर पालिका पहुंच गए , तभी वहाँ घमासान की स्थिती पैदा हो गई
- जांच के समर्थन और विरोध मे बड़ी संख्या मे मौजूद लोग दो पक्षो मे बट गए और जमकर वाद विवाद हुआ
- ईओ नगर पालिका ने प्रशिक्षु आईएएस से न सिर्फ बे अदबी से बात की और नगर पालिका के रिकार्ड रूम वाले सभी कक्षों मे तालाबांदी करा दी

# एसआरपी इंटर कलेज में छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान की दी गई जानकारी

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर के एसआरपी इंटर कालेज में बुधवार को छात्र-छात्राओं के लिए साइबर जागरूकता एवं एंटी रोमियो अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग और महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी देना था।



कार्यक्रम में कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर अरुण कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में किसी भी अनजान व्यक्ति से सोशल मीडिया पर दोस्ती करने, ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी या व्यक्तिगत दस्तावेज साझा करने से बचना चाहिए। यदि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या संदिग्ध गतिविधि का सामना हो तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करानी चाहिए। इस दौरान पुलिस टीम के रजनेश कुमार, उपेंद्र सिंह, कुमकुम यादव और पूजा ने छात्राओं को एंटी रोमियो अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थानों, स्कूल-कालेज या रास्ते में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़,अभद्र व्यवहार या उत्पीड़न की स्थिति में बिना डर के पुलिस को सूचना दें। पुलिस ऐसे मामलों में तत्काल कार्रवाई करती है। अधिकारियों ने विद्यार्थियों से सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने, अफवाहों से बचने तथा किसी भी संदिग्ध लिंक या फर्जी कॉल के झांसे में न आने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने भी साइबर सुरक्षा और महिला सुरक्षा से जुड़े सवाल पूछे, जिनका पुलिस अधिकारियों ने सरल और व्यावहारिक तरीके से उत्तर दिया।विद्यालय प्रशासन ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं।इस मौके पर नरेंद्र परिहार, विवेक द्विवेदी सहित समस्त विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

# कोंच की पुलिस ने चोरी का खुलासा कर तीन नाबालिग चोरो को गिरफ्तार किया

## चार लाख से अधिक का माल व कैश बरामद

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली पुलिस ने चोरी की एक वारदात का अनावरण करते हुए बुधवार दोपहर तीन नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का लाखों रुपये का माल और नकदी बरामद की है। पुलिस के अनुसार तीनों नाबालिगों पर क्षेत्र में हुई चोरी की घटना को अंजाम देने का आरोप है।जानकारी के अनुसार




कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह, सुमित पांडेय, भीष्म पाल ने अपने हमराही सिपाही अभिषेक सिंह, अनिल कुमार, सोनू,अंशुल, निर्मल कान्त के साथ मुखबिर की सूचना पर मलंगा पुलिया के पास घेराबंदी कर तीनों नाबालिगों को हिरासत में लिया।पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तो की तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 20 हजार 500 रुपये नकद, छह सोने की अंगूठियां, एक चांदी का कड़ा तथा एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया। बरामद माल की कुल कीमत लगभग 4 लाख 3 हजार रुपये बताई गई है।पुलिस ने बरामद सामान को कब्जे में लेकर संबंधित धाराओ में मामला पंजीकृत कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पूछंताछ के दौरान आरोपियों से चोरी की अन्य घटनाओं के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और यदि इस गिरोह का संबंध अन्य चोरी की घटनाओं से सामने आता है तो उनके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस सफलता को लेकर पुलिस ने इसे अपराध नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

# विवाहिता ने ससुराली जनो पर मारपीट व घर से निकालने का लगाया आरोप

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डाढ़ी की रहने वाली एक विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर मारपीट, गाली-गलौज और घर से निकालने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता प्रीती पत्नी मनोज ने बुधवार को कोतवाली में शिकायती पत्र देकर बताया कि 19 फरवरी 2024 की रात करीब 11 बजे वह घर के कामकाज में व्यस्त थीं। इसी दौरान उनके ससुर जमुनादास, सास लक्ष्मी और मनोज ने बिना किसी कारण उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर तीनों ने कथित रूप से उनके साथ मारपीट की और उन्हें उनकी नाबालिग बेटी सहित घर से बाहर निकाल दिया।पीड़िता का कहना है कि उनकी बेटी उस समय बुखार से पीड़ित थी, बावजूद इसके किसी ने उनकी स्थिति पर ध्यान नहीं दिया। प्रार्थिनी ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष पहले भी कई बार उनके साथ मारपीट कर चुका है। उन्होंने उम्मीद की थी कि समय के साथ परिवार का व्यवहार सुधर जाएगा, लेकिन उत्पीड़न लगातार बढ़ता गया। पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।कोतवाली पुलिस ने प्रार्थनापत्र पर जांच कर कार्रवाई की बात की।

# गुरु पूर्णिमा के अवसर पर परमहंस बद्रीदास महाराज के अश्रम पर उमडी भक्तो की भीड हजारों ने छका भंडारा

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** देवगांव स्थित परमहंस बद्रीदास महाराज आश्रम पर गुरु पूर्णिमा पर ब्रह्मलीन परमहंस बद्रीदास महाराज की पुण्य स्मृति में विशेष पूजा अर्चना के उपरांत हजारों की संख्या में दूर दराज से आए भक्तों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया भोर सुबह गुरुदेव के स्नान किए गए उसके उपरांत मंगला आरती की गयी जिसमे हजारों श्रद्धालु शामिल हुए।तदुपरांत हवन पूजन सहित अन्य अनुष्ठान संपादित हुए आश्रम के व्यवस्थापक मदन मोहन तिवारी पप्पू महाराज के निर्देशन में संजय लोहिया राम कुमार गुप्ता, पुजारी अशोक महाराज, हरगोविंद खुराना, अरविंद यादव बाबाजी, सियाशरण पहारिया,राजीव रेजा, भगवत निरंजन, आत्म प्रकाश भदौरिया, अखिलेश अग्रवाल, संदीप चोपड़ा, नीलम लोहिया, रोमी अग्रवाल दतिया वाले, सिया शरण पहारिया, प्रेम पटेल, लक्ष्मण निरंजन, संतोष सतोह, गुड्डन पटेल, प्रहलाद द्विवेदी, सत्य प्रकाश पटेल, नितिन पटेल सहित तमाम भक्तगण व्यवस्थाओं में रहे वहीं शांति व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी।

# ग्राम क्योलारी में नाले की सफाई व निर्माण न होने से ग्रामीण परेशान

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम क्योलारी निवासी रामपाल पुत्र हरचरन पाल ने एसडीएम अभिनव कुमार यादव को शिकायती पत्र देकर गांव में घर के सामने बने नाले की सफाई एवं निर्माण कराने की मांग की है। शिकायत में बताया गया कि उनके घर के सामने स्थित नाला लंबे समय से जर्जर अवस्था में है और उसमें कीचड़ जमा होने के कारण आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।पीड़ित का आरोप है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान से नाले की सफाई और निर्माण कराने का अनुरोध किया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। नाले की खराब स्थिति के कारण उन्हें अपने घर आने-जाने में दिक्कत होती है। बरसात के मौसम में नाले में गंदगी और कीचड़ भर जाने से स्थिति और गंभीर हो गई है, जिससे आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ है। रामपाल ने एसडीएम से मांग की है कि ग्राम प्रधान को निर्देशित कर नाले की तत्काल सफाई कराई जाए तथा उसका निर्माण भी कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो लोगों को बरसात के मौसम में और अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

# भडारी मे रात के अंधेरे में शियार के हमले मे महिला सहित दो घायल

( यंग भारत न्यूज )



कोंच तहसील क्षेत्र के ग्राम भडारी में मंगलवार देर शाम शियार के हमले में महिला समेत दो किसान गंभीर रूप सु घायल हो गए। दोनों घायलों को देर रात परिजनों और ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया।

जानकारी के अनुसार सुशीला उम्र 40 वर्ष पत्नी भारत सिंह खेत में बकरियां चरा रही थीं तभी लड़हिया ने एक बकरी पर हमला कर बोल दिया। बकरी को बचाने के प्रयास में सुशीला भी हमले का शिकार हो गईं।वही दूसरी घटना में राजेन्द्र सिंह उम्र 38 वर्ष पुत्र मनसाराम खेत पर चारा काटने गए थे। मेड़ पर बैठे थे कि तभी अचानक लड़हिया ने उनपर हमला बोल दिया जिस कारण उनके हाथ में गंभीर चोटें आईं। शोर गोल सुनकर आसपास के किसान दौड़े तव तक जंगली जानवर भाग गया। दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी निगरानी की जा रही है। लगातार बढ़ते जंगली जानवरों के हमलों से भडारी सहित आसपास के गांवों में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गश्त बढ़ाने, लड़हिया को पकड़ने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ी जनहानि हो सकती है।

# गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया



( यंग भारत न्यूज )

**उरई /कोटरा।** गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर तलैया वाले हनुमान जी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर के महंत सीताराम अधिकारी महाराज ने अपने शिष्यों एवं श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए उनके सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की मंगलकामना की।

मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में श्याम करण (सैदनगर), राधेलाल अग्रवाल, संजू स्वामी एवं राम सिंह परिहार सौरभ व्यास ने सक्रिय सहयोग करते हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

वहीं कस्बे के भूतेश्वर मंदिर में महंत छुट्टल बाबा के सान्निध्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे दिन मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-अर्चना और गुरु वंदना का वातावरण बना रहा, जिससे क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा।

# रुपयों के लेन देन को लेकर पिता व बेटे में विवाद

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** रुपयों के लेन देन को लेकर लेकर पिता व बेटे में विवाद हो गया। दोनों के बीच हुई हाथापाई के बाद मामला कोतवाली पहुंच गया। जहां पुलिस ने दोनों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांडरी निवासी पिता ज्ञानेश्वर दयाल और उनके बेटे नीलेश के बीच रुपयों के लेन देन को लेकर बुधवार की सुबह विवाद हो गया। पिता ने आरोप लगाया कि बेटा उनसे रुपये मांग रहा था। जब उन्होंने कहा कि उनके पास रुपये नहीं हैं तो वह उसे कैसे रुपये दें। इसी को लेकर दोनों के बीच गाली, गलौज व हाथपाई हो गई। वहां मौजूद लोगों ने दोनों को समझाने का प्रयास किया। न मानने पर उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को कोतवाली ले आई। जहां उनके खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई।

# चेहल्लुम के अवसर पर केवल जुलूस मार्ग की विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद करने की मांग

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** चेहल्लुम के अवसर पर पूरे नगर की बिजली आपूर्ति बंद किए जाने की परंपरा में बदलाव को लेकर नगर निवासी ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर पर्व के दौरान केवल जुलूस मार्ग अथवा संबंधित फीडर की ही विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद करने और शेष नगर में बिजली आपूर्ति जारी रखने की मांग की है।

नगर के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी अशफाक राईन ने डीएम राजेश पांडेय को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि चेहल्लुम के पर्व पर तीन अगस्त की रात और चार अगस्त को दिन में ताजियों को निकाला जाएगा। पूर्व वर्षों में इस दौरान पर रात और दिन में जुलूस निकलने के दौरान कई घंटों तक पूरे नगर की बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती रही है। अभी उमस भरी भीषण गर्मी का मौसम चल रहा है। इस मौसम में आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से बुजुर्ग, महिलाएं, छोटे बच्चे, मरीज, विद्यार्थी और व्यापारी घंटों बिजली न मिलने से परेशान हो जाते हैं। घरों में रखे इंवर्टर तक जबाव दे जाते हैं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से केवल उसी मार्ग या फीडर की बिजली सीमित समय के लिए बंद की जाए, जहां से चेहल्लुम का जुलूस गुजर रहा हो। जुलूस निकलने के बाद बिजली सुचारू कर दी जाए। इससे सुरक्षा व्यवस्था भी प्रभावित नहीं होगी और आम जनता को राहत मिलेगी। इस दौरान पूरे नगर की बिजली आपूर्ति बाधित करना जनहित में उचित नहीं है।

# संदिग्ध परिस्थितियों मे 17 वर्षीय किशोरी का शव फंदे पर लटका मिला मामा के घर

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के नया पटेल नगर में बुधवार दोपहर एक 17 वर्षीय किशोरी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके मामा के घर के अंदर आंगन में लगे जाल से साड़ी के फंदे पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने तत्काल किशोरी के शव को नीचे उतारकर पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह, मंडी चौकी प्रभारी नितीश कुमार पुलिस बल एवं महिला आरक्षियो के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची तथा निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजनों के अनुसार, घटना से एक दिन पहले किशोरी किसी युवक से मोबाइल फोन पर बात कर रही थी। इसी दौरान उसके मामा ने मोबाइल छीन लिया था। इसके बाद यह घटना सामने आई। हालांकि पुलिस फिलहाल इसे केवल एक तथ्य के रूप में देखते हुए किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है और आत्महत्या सहित अन्य सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही है।पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक साक्ष्यों और परिजनों के बयान के आधार पर मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाएगा।



# पड़ोसी ने 80 वर्षीय वृद्धा और उसके बेटे के साथ मारपीट की

## -पुलिस ने आरोपी पक्ष से मिलकर न कोई मदद की न रिपोर्ट लिखी

## -कमज़ोर और व्यो वृद्ध पीड़िता को कोर्ट से मिला न्याय दर्ज हुई एफआईआर

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गायर में मिट्टी हटाने के विवाद में पड़ोसी परिवार ने 80 वर्षीय वृद्धा और उसके बेटे के साथ मारपीट कर दी। आरोपियों ने घर अपने नाम करने का दबाव बनाते हुए एक लाख रुपये की मांग भी की। पुलिस द्वारा शिकायत न सुनने पर पीड़िता के न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गायर निवासी ज्ञान देवी ने न्यायालय को बताया कि 26 जून 2026 को सुबह लगभग साढ़े आठ बजे वह अपने बेटे सुनील कुमार के साथ घर पर थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले संतोष, उसकी पत्नी आरती, बेटा सुमित कुमार, भतीजा राज और भाभी पिंकी एक राय होकर घर में घुस आए। सभी ने गाली-गलौज करते हुए कहा कि वह उनके घर में पड़ी मिट्टी उठा लें नहीं। न उठाने पर उन्होने जान से मारने की धमकी दे डाली। जब बेटे के थोड़ा समय देने के लिए कहा तो वह उग्र हो गए और मां-बेटे के साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बचने की कोशिश करने पर भी आरोपियों ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा और शिकायत कनने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप लगाया कि आरोपियों ने घर उनके नाम करने और कोरे कागज पर उसके हस्ताक्षर कराकर एक लाख रुपये देने की भी मांग की है। इसकी शिकायत उसने कोतवाली और एसपी के यहां भी की लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर उसने न्यायालय की शरण ली है। वहीं, न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, जो उचित होगा कार्रवाई की जाएगी।

# बिना मंडी शुल्क अदा किए निकल रहे टमाटर लदे ट्रक को सचल दल ने पकड़ा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** बिना मंडी शुल्क अदा किए बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से टमाटर लेकर गुजर रहे एक ट्रक को मंडी परिषद की सचल दल टीम ने पकड़ लिया। जांच के दौरान आवश्यक मंडी शुल्क संबंधी अभिलेख प्रस्तुत न किए जाने पर टीम ने ट्रक पर 47,520 रुपये का जुर्माना लगाया।

मंडी सचिव अंकित गुप्ता के नेतृत्व में गठित सचल दल बुधवार को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर चेकिंग अभियान चला रहा था। अभियान के दौरान मंडी सहायक योगेश कुमार व अन्य टीम सदस्य उपज का परिवहन करने वाले वाहनों के मंडी शुल्क संबंधी अभिलेखों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान बांदा की ओर से आगरा की तरफ जा रहे एक ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली गई। जांच में ट्रक टमाटर से लदा मिला। टीम ने चालक से मंडी शुल्क जमा किए जाने से संबंधित दस्तावेज और अन्य आवश्यक कागजात मांगे, लेकिन वह कोई वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद मंडी परिषद के नियमों के तहत ट्रक पर 47,520 रुपये का अर्थदंड लगाया गया। मंडी सचिव अंकित गुप्ता ने बताया कि संबंधित ट्रक कर्नाटक से टमाटर लादकर आगरा जा रहा था। मंडी शुल्क संबंधी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध न होने के कारण नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की गई।

# जल जीवन मिशन के तहत 'जल सारथी' मोबाइल ऐप के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश, ग्राम स्तर तक शत-प्रतिशत डाउनलोड सुनिश्चित कराने के निर्देश

### - ग्राम प्रधान, सचिव, VWSC सदस्य, एफटीके प्रशिक्षित महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां, शिक्षक एवं अन्य हितधारकों के मोबाइल में ऐप इंस्टॉल कराने के सख्त निर्देश




( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जिलाधिकारी ने एनआईसी सभागार में बैठक कर जनपद में 'जल सारथी' मोबाइल ऐप का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए ग्राम स्तर तक शत-प्रतिशत डाउनलोड एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। यह ऐप जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित पेयजल योजनाओं की निगरानी, शिकायत निस्तारण, जल गुणवत्ता परीक्षण तथा जनसहभागिता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। 'जल सारथी' मोबाइल ऐप के माध्यम से जल जीवन मिशन की योजनाओं की जनपद एवं ग्राम स्तर तक अद्यतन स्थिति, मल्टी-लेवल डैशबोर्ड, ग्रामवार पेयजल योजनाओं की प्रगति, निर्माण, संचालन एवं अनुरक्षण से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही जल गुणवत्ता परीक्षण, फील्ड टेस्ट किट की गतिविधियां, जल गुणवत्ता प्रभावित क्षेत्रों की सूचना तथा पाइपलाइन क्षति, अनियमित जलापूर्ति एवं सड़क पुनर्स्थापन जैसी समस्याओं की जानकारी भी उपलब्ध रहेगी। ऐप के माध्यम से नागरिक पाइप पेयजल योजनाओं से संबंधित शिकायतें ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे, उनकी मॉनिटरिंग कर सकेंगे तथा शिकायतों पर हुई कार्रवाई की स्थिति का भी अवलोकन कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत स्तर पर जलापूर्ति की वर्तमान स्थिति, ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति , एफटीके प्रशिक्षित महिलाओं, ग्राम प्रधान एवं अन्य हितधारकों का विवरण भी ऐप पर उपलब्ध रहेगा। निर्देशों में कहा गया है कि ऐप के माध्यम से सूचना, शिक्षा एवं संचार तथा आईएसए गतिविधियों की प्रगति का भी अवलोकन किया जा सकेगा। साथ ही विभागीय अधिकारियों के संपर्क विवरण, योजनाओं की प्रगति एवं अन्य आवश्यक सूचनाएं भी एक ही मंच पर उपलब्ध रहेंगी, जिससे ग्रामीण पेयजल योजनाओं के संचालन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा मिलेगा।जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक ग्राम में ग्राम प्रधान प्रशासक, ग्राम सचिव, ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य, एफटीके प्रशिक्षित महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां, प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक, लेखपाल, ग्राम विकास अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के मोबाइल फोन पर 'जल सारथी' ऐप डाउनलोड एवं इंस्टॉल कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी हितधारकों को ऐप की प्रमुख सुविधाओं एवं उपयोगिता की जानकारी भी दी जाए, ताकि वे अपने गांव की पेयजल व्यवस्था, जल गुणवत्ता, योजनाओं की प्रगति एवं शिकायतों के निस्तारण की नियमित निगरानी कर सकें। साथ ही जिला एवं डीडब्ल्यूएसएम की बैठकों में इसकी नियमित समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी लक्षित हितधारकों के मोबाइल फोन पर 'जल सारथी' ऐप डाउनलोड हो जाए और उसका प्रभावी उपयोग प्रारंभ हो सके, जिससे ग्रामीण पेयजल योजनाओं से संबंधित सेवाओं एवं सूचनाओं की पहुंच अधिक से अधिक लोगों तक सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण अंचल गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बसपा सम्मेलन में संगठन की मजबूती का कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

### - 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर जोर, बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने का आह्वान



( यंग भारत न्यूज )

**कालपी ( जालौन )।** बहुजन समाज पार्टी की ओर से बुधवार को 220 कालपी विधानसभा क्षेत्र का कार्यकर्ता सम्मेलन जोल्हूपुर मोड़ स्थित स्काई मून होटल परिसर में आयोजित किया गया। सम्मेलन में पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं में संगठन को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जोश भरा।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि झांसी मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी लालाराम अहिरवार एवं कैलाश पाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर सभी कार्यकर्ताओं को पूरी लगन और मेहनत के साथ जुटना होगा। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और पार्टी को चुनाव में सफलता दिलाने का आह्वान किया।पूर्व मंत्री जगदीश प्रजापति ने कहा कि बसपा का कार्यकर्ता बूथ स्तर पर मजबूत है। उन्होंने पार्टी के वोट आधार को मजबूत बताते हुए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन के लिए काम करने की अपील की। मंडल प्रभारी बृजभूषण कुशवाहा, शैलेंद्र शिरोमणि, धीरेन्द्र चौधरी और अनिल कुस्तवार ने बसपा सरकारों की उपलब्धियों एवं पार्टी की नीतियों की जानकारी दी। पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि जगजीवन अहिरवार और पूर्व जिलाध्यक्ष अतर सिंह पाल ने भी संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेश जाटव एवं पूर्व मंत्री जगदीश प्रजापति ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री उदयवीर सिंह दोहरे नन्ना ने किया। कार्यक्रम के संयोजक वीरपाल सिंह चौहान ने बसपा प्रमुख से आशीर्वाद से लेकर कालपी विधानसभा वासियों से आशीर्वाद और सहयोग मांगा साथ ही आये हुयर सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख मलखान सिंह पाल,आशीष पांडेय प्रभारी माधौगढ़ विधानसभा, दिलीप सिंह गुर्जर,मनोज ज्ञागिक, सुदामा चौहान,अमित भारती, नारायण हरि अवस्थी,राजेश गौतम,सिद्ध गोपाल,विनोद पाल,बिकल प्रजापति,होरीलाल, कृपाशंकर, गुलाब सिंह, राजपाल सालोनिया, रमेश वाल्मीकि, मिथिलेश, प्रकाश पांडे, हरनारायण पाल, सुलेमान मंसूरी, सतीश श्रीवास, अरविंद, रामबाबू,आदेश भन्ते, राजपाल सलोनिया, अभिलाख महेवा,नीरज सिंह,राजेश गौतम,सतेंद्र सिंह, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर माधौगढ़ में हुआ वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़( जालौन )।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर माधौगढ़ तहसील क्षेत्र में बुधवार शाम लगभग 4 बजे वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सभासद अरविंद सिंह सेंगर, प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार शाक्यवार, पत्रकार महेंद्र कुमार गौतम एवं क्षेत्र के समाजसेवियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान सभासद अरविंद सिंह सेंगर ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन का आधार हैं। वृक्ष हमें शुद्ध ऑक्सीजन, फल और छाया प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, तभी वृक्षारोपण अभियान सफल हो सकेगा। पत्रकार महेंद्र कुमार गौतम ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन की सुरक्षा का आधार हैं। पेड़ वातावरण को शुद्ध बनाते हैं, हमें स्वच्छ ऑक्सीजन उपलब्ध कराते हैं तथा भीषण गर्मी में छाया प्रदान करते हैं। इसके साथ ही पेड़ों से मिलने वाले फल भी मानव जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने सभी लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी सुरक्षा करने का संदेश दिया।

# विकासखंड माधौगढ़ में केटर केयर गोवंसो के लिए गाड़ी का ब्लॉक प्रमुख व खंड विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़** जालौन खंड विकास माधौगढ़ ग्राम पंचायत के लिए कैटल केयर की गाड़ी मुहैया कराई गई जिसमें गोवंशों को सुरक्षित गौशाला तक ले जाया जा सकता है आवारा गाय घूम रही हैं ग्राम प्रधान के गांव मैं जो गाय बीमार या आवारा घूमती है तो कैटल केयर की गाड़ी को बुलाकर जिससे केयरटेकर द्वारा गायों को कैटल केयर की गाड़ी में बैठ कर गौशाला तक छोड़ा जा सके मौके पर ब्लॉक प्रमुख मोहित दोहरे ने जानकारी देते हुए बताया सरकार की मंशा थी कि हर ब्लॉक में कटल केयर की गाड़ियों जिसमें गायों को सुविधा के साथ गौशाला तक पहुंचा या जा सके खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार मिश्रा ने सचिवों को कैटल केयर की गाड़ी में सुरक्षा व्यवस्था एवं ग्राम प्रधानों की शिकायत पर कैटल कैयर की गाड़ी ग्राम पंचायत तक भेजें जिससे सुरक्षित गए पहुंच सके मौके पर सचिव अमित कुमार त्रिपाठी सचिव संजय श्रीवास समस्त सचिव एवं खंड विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान की मौजूदगी में पूजन हरी झंडी दिखाकर गाड़ी को

# प्राइमरी जूनियर डिकौली के स्कूल मे छात्राओं व गरीब बच्चीयो को समाजसेवी संदीप कुमार सिंह राजावत ने साइकिल वितरण की

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ जालौन** खंड विकास माधौगढ़ के अंतर्गत ग्राम डिकौली मैं हर साल की भाति इस साल भी समाजसेवी संदीप कुमार राजावत ने प्राइमरी जूनियर स्कूल की छात्राओं को वह गरीब बच्चियों को किसी न किसी बहाने से बच्चों को उत्साह बढ़ाने के लिए पिछली साल लगभग 50 छात्राओं को बैग वितरण किए थे इस साल 15 साइकिल छोटी बड़ी पढ़ने वाली छात्राओं व गरीब परिवार की बहनों को साइकिल वितरण की संदीप कुमार सिंह राजावत का एक ही कहना है कि हमारे गांव में कोई भी छात्र हो या छात्राएं पढ़ने में अब्बल नंबर आएंगे गांव का नाम रोशन करेगे स्कूल का और माता-पिता का भी नाम रोशन करेगे तो संदीप कुमार सिंह राजावत बच्चो को उपहार के रूप मे सप्रेम भेट देगे कई गांव में पढ़ने वाले बच्चों ने अपने मां-बाप अपने गांव और अपने स्कूल का नाम रोशन किया है कोई तो आईपीएस कोई डीजे डीआईजी बड़ी पोस्ट पर तैनात है ईश्वर की देन से गांव वालों की प्रेम से आज हमारे पास ईश्वर का दिया सब कुछ है उसी में से कुछ उपहार के रूप में अपने गांव के बच्चों का भविष्य बनाने के लिए लगाते रहते हैं संदीप कुमार राजावत का एक ही मकसद है कि ना तो कोई राजनीति से मतलब है ना कोई चुनाव लड़ना है जितना हो सकेगा गरीब आशाएं मजबूर मजलूम बेबस लाचार गांव की व्यक्तियों को मदद करते हैं करते रहेंगे किसी की लड़की की शादी हो तो संदीप कुमार आगे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते जो भी बनता है उनकी मदद करते संदीप कुमार सिंह राजावत के मित्र दीपू सिंह राजावत दोनों ही बचपन के मित्र हैं दोनों लोगों ने एक ही मकसद है कि गांव में कोई भी गरीब ना रहे कोई भी छात्र स्कूल पैदल न जाए इसीलिए आज साइकिल को उपहार देकर डिकौली गांव नाम रोशन किया मौके पर डिकौली ग्राम प्रधान अनिल कुमार राजावत मैं संदीप कुमार और दीपू को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमारे गांव के नेक दिल सुबह की कई सालों से इस गांव के लिए गरीबों के लिए कुछ ना कुछ मदद करते हैं यह दोनों धन्यवाद मौके पर छाक्कू राजावत सुनील कुमार राजावत रामजी सिह डिकौली कुलदीप गुप्ता मनोज कुमार विक्की सिह व छात्राएं अभिभावक बन्धु प्राइमरी जूनियर स्कूल की अध्यापक सीमा गहौई अध्यापक अरविंद राठौर अध्यापक प्राची गुप्ता व ग्रामीण कि मौजूदगी में साइकिल वितरण की

# गुरु पूर्णिमा पर आश्रम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

### हवन, पादुका पूजन, संकीर्तन और सत्संग के बाद हुआ विशाल भंडारा

( यंग भारत न्यूज )





**उरई,जालौन।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर उरई स्थित आश्रम में श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य संत श्री आशारामजी बापू के उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलकामना को लेकर सामूहिक हवन से हुआ। इसके बाद श्री गुरु पादुका की संकीर्तन यात्रा निकाली गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पादुका पूजन एवं आरती संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने मानसिक पूजन और माला पूजन कर गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की। इस दौरान श्री आशारामायण का सामूहिक पाठ और सत्संग वचनों का श्रवण किया गया। स्थानीय साधकों ने गुरु महिमा पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे आश्रम परिसर भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। समिति अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु के प्रति श्रद्धा, सेवा, सत्संग और साधना ही व्यक्ति को जीवन में सही दिशा प्रदान करती है। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं, सेवाभावियों और आश्रम परिवार के सदस्यों का आभार जताया। कार्यक्रम में अजय राजपूत, प्रभात मिश्रा, जबर सिंह, प्रभात राजपूत, शैलेन्द्र सेंगर, राजा भाई, अंजनी चतुर्वेदी सहित समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सेवाभावी मौजूद रहे।

# बुद्ध विहार में सम्यक दृष्टि महिला संघ ने किया फलदान

### धम्म चक्कपवत्तन दिवस पर बुद्ध वंदना व धम्म देशना, बच्चों को बांटीं पुस्तकें और फल

( यंग भारत न्यूज )

**उरई, जालौन ।** गुरु पूर्णिमा एवं धम्म चक्कपवत्तन दिवस के पावन अवसर पर बुद्ध विहार कुकरगांव में सम्यक दृष्टि महिला संघ के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भिक्खु संघ ज्ञानज्योति ने सर्वप्रथम बुद्ध वंदना कर धम्म देशना दी।

भंते जी ने धम्म चक्कपवत्तन दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसी दिन भगवान बुद्ध ने सारनाथ में अपने पांच शिष्यों को प्रथम उपदेश दिया था। इसी दिन से बुद्ध, धम्म और संघ की स्थापना की शुरुआत मानी जाती है। धम्म देशना के पश्चात सम्यक दृष्टि महिला संघ की ओर से उपस्थित भिक्खु संघ को फलदान किया गया। वहीं कार्यक्रम में शामिल बच्चों को पुस्तकें एवं फल वितरित किए गए। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में रिचा आनंद, मीरा चौधरी, आरती गौतम, सुनीता बौद्ध, बबीता खाबरी, शकुंतला, शशि देवी, अंजना गौतम, अंजना वर्मा,सरस्वती देवी, पुष्पा गौतम सहित सैकड़ों उपासक, उपासिकाएं एवं बच्चे मौजूद रहे।

# दलाल संचालित कर रहे हैं योजना, फील् गुड के आधार पर बांटी जा रहीं हैं रेवड़ी

### पात्रों को नहीं मिल रहे आवास, अपात्रों को लाभ देने का आरोप; ग्रामीणों ने एसडीएम से की जांच की मांग

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़( जालौन )।** माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के धरमपुरा जागीर गांव के ग्रामीणों ने बुधवार को उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को शिकायती पत्र सौंपकर ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव पर प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना में अनियमितता बरतने के गंभीर आरोप लगाए। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा पात्र लोगों को योजना का लाभ दिलाए जाने की मांग की है।

बुधवार सुबह करीब 11 बजे तहसील पहुंचे ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि गांव में कई ऐसे परिवार हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के बावजूद आज भी कच्चे और जर्जर मकानों में रहने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें आवास योजना का लाभ नहीं दिया गया। दूसरी ओर, ऐसे लोगों के नाम सूची में शामिल कर दिए गए जिन्हें ग्रामीण अपात्र बता रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पात्र लोगों की अनदेखी कर अपात्र व्यक्तियों को कथित रूप से धन लेकर आवास योजना का लाभ दिया गया है। उनका कहना है कि इस कारण गरीब और जरूरतमंद परिवार सरकारी योजना से वंचित रह गए हैं, जिससे उनमें भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से मांग की कि गांव में आवास योजना की सूची और चयन प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि जांच में अनियमितता सामने आती है तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा वास्तविक पात्र परिवारों को आवास योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाए। उपजिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र के माध्यम से ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराएगा और पात्र लाभार्थियों को न्याय दिलाने का कार्य करेगा।

# जिला अस्पताल में डीएम का औचक निरीक्षण, मरीजों की सुविधाओं का लिया जायजा





## -ओपीडी, वार्डों एवं दवा भंडार का किया निरीक्षण, - वायरल व डायरिया के मरीजों पर विशेष निगरानी रखने के दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद में आमजन को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, ऑर्थो वार्ड, चिल्ड्रन वार्ड, आयुष्मान वार्ड, दवा वितरण काउंटर एवं दवा भंडार सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मरीज को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों एवं गंभीर मरीजों की देखभाल प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान वर्षा ऋतु में वायरल बुखार एवं डायरिया के मामलों में वृद्धि की संभावना रहती है, इसलिए ऐसे मरीजों की विशेष निगरानी रखते हुए समय से जांच, उपचार एवं आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही अस्पताल परिसर में स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण एवं पेयजल व्यवस्था को भी बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों से संवाद कर उपचार एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से चिकित्सकों के व्यवहार, दवाओं की उपलब्धता तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अधिकांश मरीजों ने अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान सभी वार्डों में कूलर, एयर कंडीशनर एवं पंखे सुचारु रूप से संचालित पाए गए। दवा भंडार में आवश्यक जीवनरक्षक एवं सामान्य उपयोग की दवाओं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध मिला। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अस्पताल में किसी भी आवश्यक दवा का अभाव न होने पाए तथा मरीजों को सभी सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं।जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिला अस्पताल में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उच्च क्षमता (हैवी) जनरेटर की व्यवस्था शीघ्र कराई जाए, जिससे विद्युत बाधित होने की स्थिति में भी अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, फिजियोथैरेपी सहित अन्य सभी आवश्यक चिकित्सा सेवाएं एवं जांचें बिना किसी व्यवधान के संचालित होती रहें और मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मडोर का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, छात्राओं से संवाद कर जानी व्यवस्थाएं

## -रोटी बनाने की मशीन, वाटर कूलर स्थापित करने तथा स्वच्छ परिसर सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद में बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित आवासीय वातावरण एवं बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, मडोरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक, आवासीय एवं अन्य व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने छात्राओं से आत्मीय संवाद कर उनकी पढ़ाई, भोजन, आवास, सुरक्षा एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा उनका हालचाल जाना। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर अध्ययन करने, अनुशासन बनाए रखने एवं अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया।जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया तथा सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। विद्यालय में भोजन व्यवस्था को और अधिक सुचारु एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से





जिलाधिकारी ने रोटी बनाने की मशीन (रोटी मेकर) स्थापित कराने के निर्देश दिए। साथ ही छात्राओं को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए तत्काल एक वाटर कूलर स्थापित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने विद्यालय परिसर, छात्रावास, रसोईघर एवं शौचालयों सहित पूरे परिसर में नियमित एवं उच्चस्तरीय साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि छात्राओं को स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना सभी संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विकास चौधरी, अध्यापिकाएं सहित संबंधित आदि मौजूद रहे।

# जालौन में व्यापारी से झोला लूटने का प्रयास, शोर मचाने पर बदमाश फरार

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । नगर में एक बार फिर बेखौफ बदमाशों ने व्यापारी को निशाना बनाकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। मंगलवार की रात दुकान बंद कर पिता के साथ घर लौटे जनरल स्टोर संचालक की स्कूटी पर रखा करीब डेढ़ लाख रुपये नकदी से भरा झोला तीन नकाबपोश बदमाश पलक झपकते ही लेकर भाग निकले। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी।



कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पुरानी नझाई निवासी दिलीप कुमार अग्रवाल की झंडा चौराहे के पास रमा जनरल स्टोर के नाम से दुकान है। रोज की तरह मंगलवार रात करीब नौ बजे वह अपने पिता रमाशंकर अग्रवाल के साथ दुकान बंद कर स्कूटी से घर पहुंचे। घर के बाहर स्कूटी खड़ी कर उन्होंने रुपये और अन्य सामान से भरा झोला उसी पर रखा और स्कूटी रखने के लिए गैरेज का दरवाजा खोलने लगे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे तीन अज्ञात नकाबपोश बदमाश बाइक से वहां पहुंचे। जैसे ही व्यापारी का ध्यान दरवाजा खोलने में लगा, बदमाशों ने तेजी से स्कूटी पर रखा झोला उठाया और बाइक पर बैठकर भाग निकले। जब तक व्यापारी ने मामले को समझकर बाइक का पीछा किया तब तक तीनों वहां से फरार हो गए। व्यापारी दिलीप अग्रवाल ने बताया कि झोले में लगभग डेढ़ लाख रुपये की नकदी, स्टील की पानी की बोतल, टिफिन और अन्य आवश्यक सामान रखा था। झोला मेहंदी रंग का था।घटना की सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते सीओ अजय कुमार सिंह, कोतवाल हरिशंकर चंद, चौकी प्रभारी मनीष तिवारी व पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने व्यापारी से घटना की जानकारी ली और रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए। सीसीटीवी फुटेज में तीन नकाबपोश बदमाश बाइक से भागते हुए दिखे। व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मोहल्ले के लोगों की मानें तो बदमाश पहले ही से रेकी कर रहे थे। जैसे ही व्यापारी का दरवाजा खोलने में व्यस्त हुए तभी बदमाश झोला लेकर भाग निकले। इस बाबत सीओ अजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में तीन संदिग्ध युवक कैमरों में दिखाई दिए हैं, जिनके आधार पर पुलिस उनकी पहचान करने में जुटी है। घटना के खुलासे के लिए स्वाट व सर्विलांस समेत तीन टीमें लगी हैं। सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है। शीघ्र ही बदमाशों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

## शासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जनसुनवाई में राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, नगर निकाय, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई एवं अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दास्त नहीं किया जाएगा। सभी अधिकारी मौके पर जाकर तथ्यों का परीक्षण करें तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि के साथ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई शासन की महत्वपूर्ण व्यवस्था है, जिसके माध्यम से आमजन अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखते हैं। इसलिए प्रत्येक शिकायत को पूरी संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ निस्तारित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन मामलों में विभिन्न विभागों के समन्वय की आवश्यकता हो, उनमें आपसी समन्वय स्थापित कर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए।

# एनएच-27 पर टायर फटने से ट्रक हाइवे किनारे की बाउंड्री से टकराया , चालक व क्लीनर गंभीर घायल

( यंग भारत न्यूज )





**उरई।** जनपद आटा थाना अंतर्गत में झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे-27 पर मंगलवार देर रात एक तेज रफ्तार ट्रक का अगला टायर अचानक फट जाने से बड़ा सड़क हादसा हो गया। टायर फटते ही ट्रक अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे बनी बाउंड्री से जा टकराया, जिससे ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में चालक और क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गए।

यह दुर्घटना मंगलवार रात करीब 10:30 बजे आटा थाना क्षेत्र स्थित टोल प्लाजा के पास हुई। जानकारी के अनुसार, झांसी से कानपुर की ओर जा रहे ट्रक का अगला टायर अचानक फट गया, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक बाउंड्री से टकरा गया। हादसे में ट्रक चालक अरविंद यादव (50 वर्ष) पुत्र बालकिशन यादव, निवासी ग्राम करोस, जनपद कानपुर देहात तथा क्लीनर छोटे (36 वर्ष) पुत्र रामबाबू, निवासी भोगनीसागर, कानपुर देहात गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। क्षतिग्रस्त केबिन में फंसे दोनों घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस की सहायता से मेडिकल कॉलेज उरई भेजा गया। सूचना पर आटा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को हाईवे से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। आटा थाना प्रभारी निरीक्षक अभिलाष मिश्रा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण ट्रक का अगला टायर अचानक फटना सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। फिलहाल दोनों घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# बिहारी मंदिर रामलीला समिति का गठन, दशहरा महोत्सव की तैयारियां शुरू

( यंग भारत न्यूज )



**उरई /कोटरा** ।कोटरा कस्बे के बिहारी मंदिर परिसर में रामलीला समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी दशहरा महोत्सव एवं रामलीला के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से नई रामलीला समिति का गठन करते हुए विभिन्न पदाधिकारियों का चयन किया गया।

समिति में संजय स्वर्णकार को अध्यक्ष, रघुवीर सिंह गौर को प्रबंधक, महेश गौर एवं कामता राठौर को उपाध्यक्ष, रामकुमार अग्रवाल को महामंत्री, ज्ञान सिंह राजावत को कोषाध्यक्ष, तुलाराम केवट को सूचना मंत्री तथा महेंद्र यादव को उपकोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय स्वर्णकार ने बताया कि बिहारी मंदिर में पिछले लगभग 80 वर्षों से रामलीला का मंचन होता आ रहा है, जो क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी रामलीला के मंचन के लिए प्रदेश स्तरीय कलाकारों को आमंत्रित किया जाएगा, जिससे दर्शकों को उत्कृष्ट एवं भव्य प्रस्तुति देखने को मिलेगी। बैठक में सुरेश कुमार खरे, नारायण लाल स्वर्णकार, धर्मेंद्र स्वामी, केशव चतुर्वेदी, परशुराम गुप्ता, सूर्य प्रकाश अग्रवाल सहित समिति के अनेक सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने रामलीला महोत्सव को भव्य एवं सफल बनाने का संकल्प लिया।

# गुरू पूर्णिमा के मौके पर मंदिरों, घरों एवं गुरूओं की समाधी स्थलों पर धार्मिक आयोजन

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई** । गुरू पूर्णिमा के मौके पर मंदिरों, घरों एवं गुरूओं की समाधी स्थलों पर धार्मिक आयोजन आयोजित किए गए। नगर के मंदिरों में भक्तों ने पूजा-पाठ किया। जगह जगह प्रसाद वितरण व भंडारे का आयोजन किया गया।

आषाढ़ का महीना पूजा-पाठ का महीना माना जाता है। इसीलिए इस महीने के अंतिम पखवाड़े में शुक्ल पक्ष में घरों में कुल के देवी, देवताओं की पूजा होती है। एक पखवाड़े तक पूजा होने के बाद आषाढ़ी पूर्णिमा को पूजा-पाठ का समापन होता है। अषाढ़ी पूर्णिमा अथवा गुरू पूर्णिमा को भक्त अपने गुरू की पूजा-अर्चना कर भंडारा आदि का कार्यक्रम आयोजित करते हैं। पंडित देवेंद्र दीक्षित बताते हैं कि गुरू शिष्य परंपरा के सम्मान और संस्कार व्यक्त करने का पवित्र दिवस गुरू पूर्णिमा है। यह पर्व शिष्यों का आध्यात्मिक सौभाग्य जगाने का दिवस है। इसलिए शिष्यों को यह अवसर खोना नहीं चाहिए। झोली फैलाकर अपने सदगुरू व भगवान दोनों से ही मांगना चाहिए। वहीं, गुरू पूर्णिमा के चलते मंदिरों, घरों एवं गुरूओं के समाधि स्थलों पर पूजा-अर्चना कर अखंड रामायण का पाठ किया गया। इस मौके पर देवी मंदिरों एवं हनुमानजी के मंदिरों में भक्तों ने पहुंचकर श्रृद्धाभाव से मिष्ठान का भोग लगाया और पूजा अर्चना की। पूर्णिमा के मौके पर नगर में जगह-जगह धार्मिक आयोजन किए गए। गुरू पूर्णिमा की पूर्व संध्या से ही कार्यक्रम प्रारंभ हो गए थे। गुरू पूर्णिमा के मौके पर शिष्यों ने अपनी श्रृद्धा के अनुसार अपने गुरूदेवों की पूजा आराधना की एवं गुरू के चित्रों पर पुष्पमाला भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। नगर के अधिकांश मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई। घरों में भगवान सत्यनारायण की कथा का आयोजन किया गया तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। सारंगपुर रोड स्थित गुरू मस्तराम, तोपखाना स्थित अखंड परमधाम में पुजारी दयानंद महाराज, हनुमंत साधना केंद्र में पुजारी रमेश विश्वकर्मा, सद्गुरू कबीर विज्ञान आश्रम में महंत गुरूप्रसाद दास साहेब की देखरेख में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने जमकर प्रसाद चखा।

# खेत में धान की रोपाई के दौरान जहरीले सर्प के डसने से किसान की मौत, परिवार में मचा कोहराम

( यंग भारत न्यूज )



**उरई /कदौरा** । कदौरा थाना क्षेत्र के करमचंदपुर गांव में खेत में धान की रोपाई के दौरान जहरीले सर्प के डसने से एक किसान की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, करमचंदपुर निवासी अखिलेश (40 वर्ष) मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे अपने खेत में धान की रोपाई के दौरान पानी लगा रहे थे। इसी बीच एक जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया। सांप के काटते ही उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। खेत में मौजूद लोगों ने तत्काल परिजनों को सूचना दी। परिजन और ग्रामीण बिना देर किए उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर कदौरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी रश्मि तथा दो पुत्र अंश और पीयूष को छोड़ गए हैं। मृतक के भाई अमित कुमार ने बताया कि अखिलेश खेत में धान की रोपाई का कार्य कर रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता एवं सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की है।

# बहन गिड़गिड़ाती रही, रहम की भीख मांगती रही... लेकिन ईंट बरसाता रहा कलयुगी भाई, फर्रुखाबाद में रिश्तों का खूनी अंत

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले से एक ऐसी दर्दनाक घटना सामने आई है, जिसने रिश्तों की बुनियाद को ही झकझोर कर रख दिया। जिस मां ने अपने बेटे को जन्म दिया, उसे पाल-पोसकर बड़ा किया, उसी बेटे पर अपनी मां की बेरहमी से हत्या करने का आरोप लगा है।



उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले से एक ऐसी दर्दनाक घटना सामने आई है, जिसने रिश्तों की बुनियाद को ही झकझोर कर रख दिया। जिस मां ने अपने बेटे को जन्म दिया, उसे पाल-पोसकर बड़ा किया, उसी बेटे पर अपनी मां की बेरहमी से हत्या करने का आरोप लगा है। घटना शमशाबाद थाना क्षेत्र के खुदना वैद्य गांव की है, जहां बुधवार सुबह अचानक चीख-पुकार मच गई। आरोप है कि बेटे ने अपनी मां के सिर पर ईंट से ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इतना ही नहीं, जब बहन मां को बचाने पहुंची तो आरोपी ने उस पर भी हमला कर दिया। इस घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, खुदना वैद्य गांव निवासी मुन्नी देवी बुधवार सुबह अपने घर पर थीं। इसी दौरान उनका बेटा पंकज राठौर अचानक उग्र हो गया। आरोप है कि उसने बिना किसी चेतावनी के अपनी मां पर ईंट से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने मुन्नी देवी के सिर पर कई बार ईंट से वार किए। हमले की गंभीरता इतनी ज्यादा थी कि मुन्नी देवी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। परिवार के अन्य सदस्य कुछ समझ पाते, उससे पहले ही पूरा घटनाक्रम बेहद भयावह रूप ले चुका था।

जब घर से चीखने की आवाजें आईं तो मुन्नी देवी की बेटी सुषमा अपनी मां को बचाने के लिए दौड़ी। लेकिन आरोप है कि आरोपी पंकज ने उस पर भी हमला कर दिया। हमले में सुषमा घायल हो गई। हालांकि उसकी जान बच गई, लेकिन इस घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। एक ही घर में कुछ ही मिनटों के भीतर मां की मौत और बेटी पर हमला होने से परिवार पूरी तरह टूट गया। घर से लगातार चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। जब ग्रामीणों ने अंदर का मंजर देखा तो हर कोई स्तब्ध रह गया। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों ने किसी तरह आरोपी को काबू में किया और उसे भागने नहीं दिया। इसके बाद तुरंत शमशाबाद थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। यदि ग्रामीण समय रहते हस्तक्षेप नहीं करते तो घटना और भी गंभीर हो सकती थी ।गांव के लोगों का कहना है कि आरोपी पंकज राठौर पिछले कुछ समय से मानसिक बीमारी से पीड़ित था। उसका इलाज शहर के नेकपुर इलाके में एक मनोचिकित्सक से कराया जा रहा था। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि घटना के समय उसकी मानसिक स्थिति क्या थी और उसने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया। पुलिस इस पहलू की भी गंभीरता से जांच कर रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि किसी व्यक्ति का मानसिक उपचार चल रहा हो, तो उसकी चिकित्सकीय स्थिति और घटना के समय की मानसिक अवस्था की जांच बेहद महत्वपूर्ण होती है। हालांकि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले जांच पूरी होना आवश्यक है। फिलहाल इस हत्याकांड के पीछे की असली वजह सामने नहीं आई है। पुलिस परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और गांव के लोगों से पूछताछ कर रही है।

जांच अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि-

क्या घटना अचानक गुस्से में हुई

क्या आरोपी की मानसिक बीमारी ने इसमें कोई भूमिका निभाई

क्या परिवार में पहले से कोई विवाद चल रहा था

घटना से पहले घर में क्या हुआ था

इन सभी सवालों के जवाब पुलिस जांच के बाद ही सामने आ सकेंगे।

# एमपी की खूबसूरत डीसीपी पर ट्रांसपोर्टर ने लगाया बड़ा आरोप, एसपी ने छीना पावर, ड्राइवर और कॉन्स्टेबल सस्पेंड

( यंग भारत न्यूज )

**कटनी:** मध्य प्रदेश की खूबसूरत डीएसपी नेहा पच्चीसिया एक बार फिर से चर्चा में हैं। एक ट्रांसपोर्टर ने नेहा पच्चीसिया पर अवैध वसूली का आरोप लगाया है। इसके बाद कटनी एसपी ने तुरंत कार्रवाई की है। सीएसपी नेहा पच्चीसिया के ड्राइवर को सस्पेंड कर दिया है। साथ ही डीएसपी से तीन थानों का कामकाज वापस ले लिया है। पूरे मामले की जांच एएसपी कमल मौर्य को सौंपा गया है।



दरअसल, 22 जुलाई को ट्रांसपोर्ट व्यवसायी महेंद्र कुमार जैन ने एसपी से शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि वाहन चेकिंग के दौरान उनकी हाईवा गाड़ी को रोककर ष्टस्क्क नेहा पच्चीसिया ने 30 हजार रुपए की मांग की। शिकायत में आरोप है कि मौके पर 25 हजार रुपये नकद लिए गए जबकि शेष 5 हजार रुपये अगले दिन चालक के माध्यम से मंगवाए गए। शिकायतकर्ता ने अपने आवेदन के साथ कुछ साक्ष्य भी सौंपते हुए निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की थी। वही शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कटनी स्क्कअभिनय विश्वकर्मा ने प्रारंभिक जांच के बाद कॉन्स्टेबल और ड्राइवर केशव सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही पूरे मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य को सौंप दी गई। इसी बीच नया कार्य विभाजन आदेश जारी करते हुए डीसीपी नेहा पच्चीसिया के कार्यक्षेत्र से कुठला, माधवनगर और रंगनाथ नगर थाना हटाकर उनका प्रभार अजाक डीसीपी शिवा पाठक को सौंप दिया गया। पूरे मामले पर शिकायतकर्ता महेंद्र जैन का कहना है कि उनके पास 5 गाड़ियां है जो रेत व डोलोमाइट परिवहन में लगी हैं। लेकिन 21 जुलाई की रात जांच के नाम पर पहुंची ष्टस्क्कनेहा पच्चीसिया उनसे पैसों की मांग करने लगी और राशि नहीं देने पर वाहन को थाने में खड़ा कर कार्रवाई की बात कही गई। इसी के बाद उन्होंने पूरे मामले की शिकायत कटनी एसपी कार्यालय पहुंचकर दर्ज करवाई थी। वहीं, मामले की जांच कर रहे एएसपी कमल मौर्य ने बताया कि ट्रांसपोर्ट व्यवसायी की शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायतकर्ता महेंद्र जैन के बयान दर्ज किए जा चुके हैं और जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को सौंपी जाएगी। उन्होंने यह भी पुष्टि की, कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर चालक को निलंबित किया गया है और डीसीपी नेहा पच्चीसिया के कार्यक्षेत्र से कुठला, माधवनगर और रंगनाथ नगर थाना हटाकर अजाक डीसीपी शिवा पाठक को सौंपा गया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है आरोपों में कितनी सच्चाई है और विभागीय जांच में क्या निष्कर्ष निकलता है ये देखना बाकी है।

# आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर पर अपने केबिन में पीएचडी छात्रा से संबंध बनाने का आरोप, पत्नी ने दर्ज कराई एफआईआर

( यंग भारत न्यूज )

**कानपुरः** आईआईटी कानपुर के कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट के प्रोफेसर निशीथ श्रीवास्तव पर उनकी पत्नी अन्वेषणा ने घरेलू हिंसा, दूसरी महिलाओं से संबंध और वैवाहिक दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। एसीपी दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि कल्याणपुर थाने में दर्ज एफआईआर में सबूतों के आधार पर जांच की जा रही है। शिकायतकर्ता डिपार्टमेंट ऑफ कॉग्निटिव साइंस में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। वहीं, प्रोफेसर निशीथ श्रीवास्तव ने सभी आरोपों को झूठा और मनगढ़ंत बताया है।




एफआईआर के अनुसार, आईआईटी कानपुर में असिस्टेंट प्रोफेसर अन्वेषणा श्रीवास्तव की शादी दिसंबर 2012 में हुई थी। दंपती के दो बच्चे हैं। छोटा बेटे साढ़े छह साल का है। आरोप लगाया गया है कि 2025 से पति-पत्नी के संबंधों में तनाव आ गया। दिसंबर-2025 में प्रोफेसर निशीथ ने पत्नी के सामने कबूला कि 2022 में उन्होंने अपनी एक विवाहित पीएचडी छात्रा के साथ अपने ही ऑफिस में 4 बार शारीरिक संबंध बनाए थे। आरोप है कि नवंबर-2025 से निशीथ एक महिला प्रोफेसर से अनुचित संबंधों में हैं। अन्वेषणा का आरोप है कि विरोध करने पर पति ने सहनशीलता बढ़ाने के लिए कहा। आरोप है कि 11 नवंबर 2025 को प्रोफेसर निशीथ ने घर में तोड़फोड़ की। खौलती चाय फेंकी और शादी की तस्वीरें हथौड़ा मारकर तोड़ दी। चाकू दिखाकर डराया। वहीं, 15 जनवरी 2026 को कथित तौर पर जमीन पर पटककर चेहरे और सिर पर कई थप्पड़ मारे, जिससे काफी चोटें आईं। यह सब कुछ मासूम बेटे के सामने हुआ। जब संस्थान के सिक्यॉरिटी गार्ड आए तो प्रोफेसर ने बताया कि पत्नी ने थप्पड़ मारे, लेकिन बच्चे ने सच बता दिया। 30 अप्रैल 2026 को मानसिक तनाव के कारण अन्वेषणा को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। 4 जुलाई 2026 प्रोफेसर ने पत्नी की इच्छा के खिलाफ शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। रिश्तेदारों के साथ अभद्रता, घर में घुसने से रोकने और घर में सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी का भी आरोप लगाया गया है। अन्वेषणा श्रीवास्तव ने यह भी आरोप लगाया कि घर के रखरखाव, कर्मचारियों के वेतन और अधिकांश घरेलू खर्च उन्होंने स्वयं वहन किए, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ। पति-पत्नी फिलहाल संस्थान से आवंटित अलग-अलग घरों में रह रहे हैं। इस पूरे मामले में प्रोफेसर निशीथ श्रीवास्तव की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि मैं इन झूठे और मनगढ़ंत आरोपों से स्तब्ध हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि इस शिकायत और इसके साथ चलाए जा रहे मीडिया अभियान के वास्तविक कारण जांच के दौरान सामने आ जाएंगे।

# चाचा अम्मी को मत मारो', 4 साल का मासूम गिड़गिड़ाता रहा... सनकी आशिक ने आंखों के सामने बेरहमी से किया मां का कत्ल

( यंग भारत न्यूज )

**गाजियाबादः** गाजियाबाद के लोनी कोतवाली क्षेत्र में एक महिला की घर के अंदर गला घोंटकर हत्या किए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार, 31 वर्षीय रिजवाना की हत्या उसके पूर्व पड़ोसी फैजान पर करने का आरोप है।



शुरुआती जांच में मामला एकतरफा प्रेम से जुड़ा बताया जा रहा है। घटना के समय महिला का चार वर्षीय बेटा घर में मौजूद था, जिसने अपनी मां को बचाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक, घटना के समय महिला का पति निसार एक रिश्तेदार के निधन के कारण घर से बाहर गया हुआ था, जबकि दो बड़े बच्चे स्कूल में थे। रिजवाना घर पर दो छोटे बच्चों के साथ थी। इसी दौरान फैजान घर पहुंचा और बातचीत के बाद किसी बहाने दोनों छोटे बच्चों को कमरे से बाहर भेज दिया। कुछ देर बाद कमरे से विवाद की आवाजें आने लगीं। चार वर्षीय बेटा अंदर पहुंचा तो उसने आरोपी को अपनी मां का गला दबाते देखा। मासूम लगातार 'चाचा, अम्मी को मत मारो' कहकर उसे रोकने की कोशिश करता रहा, लेकिन आरोपी नहीं रुका। वारदात के बाद बच्चा अपनी मां के शव से लिपटकर रोता रहा। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और महिला को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी घर से निकलता दिखाई देने की बात भी सामने आई है। पुलिस ने मृतका के पति की शिकायत और बच्चे के बयान के आधार पर फैजान के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें लगातार तलाश में जुटी हुई हैं।

# महोबाः अस्पताल में भर्ती प्रेमी से मिलने पहुंची प्रेमिका, इमरजेंसी वार्ड में ही करने लगी किस, जांच के आदेश

( यंग भारत न्यूज )

**महोबाः** यूपी के महोबा जिला अस्पताल का एक वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है। जहर खाकर अस्पताल पहुंचे प्रेमी से मिलने इमरजेंसी वार्ड में पहुंची प्रेमिका की हरकतों से अन्य तीमारदार असहज हो गए।



दोनों के बीच मेल-मिलाप का घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हो गया। इसके बाद अस्पताल प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सीएमएस ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। बताया जा रहा है कि कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के सेला गांव निवासी नवल किशोर ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। घरवालों ने तत्काल उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान युवक की प्रेमिका उससे मिलने अस्पताल पहुंची। दोनों का मिलन चर्चा का विषय बन गया। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में प्रेमी और प्रेमिका की मुलाकात के समय वहां मौजूद अन्य मरीज और तीमारदार असहज हो गए। इस घटना से जुड़ा वीडियो इंटरनेट पर सामने आया है। वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने अस्पताल की सुरक्षा और वार्ड के निगरानी की व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। लोग प्रेमी-प्रेमिका के वार्ड में किए गए कृत्य को अस्पताल की मर्यादा के खिलाफ बताया है। वीडियो को लेकर लोगों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ सुरेश कुमार ने वीडियो सामने आने के बाद मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जांच के बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने 10 पूर्व फौजियों की तैनाती की है जोकि सप्ताह में सातों दिन और चौबीस घंटे अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# 2027 में बीजेपी को कितनी सीट मिलेगी अखिलेश के करीबी ने बताया अपना 'सर्वे'

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव से पहले फैजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने बड़ा दावा किया है. उन्होंने दावा किया है कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को अगले चुनाव में यूपी में 50 सीटें भी नहीं मिलेंगी.



गोस्वामी तुलसीदास कृत रामचरितमानस की चौपाई का जिक्र करते हुए अवधेश प्रसाद ने कहा- जब-जब होई धरम कै हानी. बाढ़हिं असुर अधम अभिमानी. फैजाबाद से समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा, अफसोस है कि भाजपा के लोग और उनकी सरकार बड़ी मछलियों को बचा रही है. करोड़ों लोगों की ये आस्था का सवाल है. अयोध्या से ये सरकार आई है और अयोध्या से ही जाएगी और इसकी शुरूआत हो चुकी है. 2027 में इनकी सरकार जाएगी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे. इससे पहले समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत अन्य पार्टी सांसदों ने सदन के बाहर अयोध्या राम मंदिर चढ़ावे में व गबन मामले के खिलाफ प्रदर्शन किया. सांसदों ने प्लेकार्ड लेकर और 'चंदा चोर गद्दी छोड़' के नारे लगाते हुए विरोध-प्रदर्शन किया. वहीं समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने कहा कि लोग अपनी आस्था और श्रद्धा के साथ मंदिर आए और उन्होंने भगवान राम के चरणों में दान और चंदा दिया, लेकिन बीजेपी के लोगों और उनके साथियों ने इस चंदे को भी हड़प लिया। अयोध्या में इतनी बड़ी घटना हुई। हमारे मुख्यमंत्री भी लगातार अयोध्या का दौरा कर रहे थे. हमारे राज्य के मुख्यमंत्री की भी यह ज़िम्मेदारी है कि वे बताएं कि यह घोटाला कैसे हुआ. स्ढ्ढञ्ज का गठन सिर्फ़ लोगों का ध्यान भटकाने की एक औपचारिकता है ताकि ऐसे मुद्दे दब जाएं. समाजवादी पार्टी सदन में सभी अहम मुद्दों को ज़ोर-शोर से उठाने की पूरी कोशिश करेगी.

# अब ये मेरा भाई नहीं, पति है.' थाने में युवती के एक वाक्य ने मचा दिया हड़कंप, फिर सामने आई रिश्तों को झकझोर देने वाली कहानी

( यंग भारत न्यूज )

बिहार के भोजपुर जिले से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। एक युवती ने पुलिस थाने पहुंचकर जो बयान दिया, उसे सुनकर पुलिसकर्मी भी कुछ पल के लिए हैरान रह गए। युवती ने कहा, 'अब ये मेरा भाई नहीं, मेरा पति है।' इसके बाद जो कहानी सामने आई, उसने रिश्तों, कानून और सामाजिक मर्यादाओं को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए।

बताया जा रहा है कि दोनों के बीच कथित तौर पर कई वर्षों से संबंध थे। युवती का दावा है कि वह गर्भवती है और दोनों ने परिवार के विरोध के चलते घर छोड़कर मंदिर में शादी कर ली। वहीं दूसरी ओर, युवती के पिता ने पहले ही बेटी के अपहरण का मामला दर्ज करा दिया था। पुलिस अब पूरे मामले की कानूनी और चिकित्सीय जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, भोजपुर जिले के एक गांव की रहने वाली युवती अचानक घर से लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो उसके पिता ने नजदीकी पुलिस थाने में पहुंचकर बेटी के अपहरण की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती और उसके साथ फरार युवक की तलाश शुरू कर दी। छापेमारी की तैयारी चल ही रही थी कि अचानक दोनों स्वयं थाने पहुंच गए। पुलिस को उम्मीद थी कि अपहरण के मामले में कोई नई जानकारी मिलेगी, लेकिन जो बयान सामने आया उसने पूरे घटनाक्रम को नई दिशा दे दी। पुलिस के सामने युवती ने स्पष्ट रूप से कहा कि वह अपनी मर्जी से घर छोड़कर गई थी और उसने मंदिर में शादी कर ली है। उसने यह भी कहा कि जिस युवक के साथ वह आई है, वह पहले उसका भाई कहलाता था, लेकिन अब दोनों पति-पत्नी हैं। युवती के इस बयान को सुनकर थाने में मौजूद पुलिसकर्मी और ग्रामीण दोनों हैरान रह गए। कुछ देर के लिए वहां सन्नाटा छा गया। ग्रामीणों ने इस रिश्ते पर कड़ी आपत्ति जताई और मामले में कानून के तहत सख्त कार्रवाई की मांग की। युवती ने पुलिस के सामने दावा किया कि दोनों के बीच कई वर्षों से प्रेम संबंध था। उसके अनुसार, समय के साथ यह रिश्ता शारीरिक संबंधों तक पहुंच गया। युवती ने यह भी कहा कि इसी दौरान उसे पता चला कि वह गर्भवती है। उसने पुलिस को बताया कि जब परिवार वालों को उनके रिश्ते की जानकारी मिलने लगी तो उन्हें अलग करने की कोशिश की गई। इसी कारण दोनों ने घर छोड़ने और मंदिर में विवाह करने का फैसला लिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, परिवार को इस रिश्ते की भनक नहीं थी। जब युवती अचानक घर से गायब हुई तो परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए अपहरण का मामला दर्ज कराया। परिवार का कहना है कि उन्हें कभी अंदाजा नहीं था कि दोनों के बीच इस तरह का संबंध हो सकता है। घटना सामने आने के बाद परिवार गहरे सदमे में है। युवती और युवक का कहना है कि उन्होंने मंदिर में विधिवत विवाह किया है। हालांकि पुलिस अब यह जांच कर रही है कि कथित विवाह कब हुआ, किन परिस्थितियों में हुआ और क्या उससे जुड़े



कोई दस्तावेज या गवाह मौजूद हैं। यदि विवाह का दावा सही पाया जाता है, तब भी मामले में कानूनी पहलुओं की अलग से जांच होगी क्योंकि दोनों के बीच पारिवारिक संबंध होने की बात सामने आई है। युवती ने पुलिस को दिए बयान में यह भी कहा कि वह गर्भवती है। पुलिस अब मेडिकल परीक्षण के माध्यम से इस दावे की पुष्टि कराने की तैयारी कर रही है यदि मेडिकल जांच में गर्भावस्था की पुष्टि होती है तो यह जांच का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। साथ ही पुलिस यह भी पता लगाएगी कि कथित संबंध किन परिस्थितियों में बने और क्या इस मामले में किसी प्रकार का दबाव या अपराध शामिल था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामला बेहद संवेदनशील है। इसलिए किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी तथ्यों की गहन जांच की जाएगी। पुलिस का कहना है कि सभी संबंधित पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी ।घटना के सामने आने के बाद गांव और आसपास के क्षेत्रों में इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं सामाजिक मूल्यों और पारिवारिक रिश्तों पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। थाने में मौजूद कई लोगों ने इस रिश्ते को समाज के लिए अनुचित बताते हुए प्रशासन से कानूनी कार्रवाई की मांग की। वहीं कुछ लोगों ने कहा कि मामले की पूरी सच्चाई सामने आने तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचना चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे मामलों में केवल विवाह का दावा ही पर्याप्त नहीं होता। यदि दोनों के बीच ऐसा पारिवारिक संबंध है जिसके बीच विवाह कानूनन निषिद्ध है, तो संबंधित कानूनों के तहत अलग-अलग कानूनी पहलुओं की जांच की जाती है। इसके अलावा यदि किसी पक्ष की उम्र, सहमति, दबाव, धोखाधड़ी या अन्य आपराधिक तत्व सामने आते हैं तो मामले में अलग धाराएं भी लागू हो सकती हैं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरु पूर्णिमा पर '121 मंदिर' मै संतों का किया सम्मान

## दीपोत्सव कर संत रविदास जी को दी श्रद्धांजलि

### - सामाजिक समरसता का लिया संकल्प

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भव्य 'संत सम्मान कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज सुधारक संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

इस विशेष अवसर पर रामकिशोर साहू (क्षेत्रीय अध्यक्ष, कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र) ने संत रविदास जी के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत रविदास ने समाज को समानता, सद्भाव, मानवता और कर्म की महत्ता का संदेश दिया था। उनके विचार आज भी संपूर्ण समाज को एक नई दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने गुरु परंपरा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, 'जीवन में गुरु का स्थान सर्वोच्च होता है। गुरु के मार्गदर्शन से ही मनुष्य ज्ञान, संस्कार और सफलता की प्राप्ति करता है। गुरु पूर्णिमा का यह पर्व हमें अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने की प्रेरणा देता है।

प्रमुख जनप्रतिनिधियों एवं नेताओं ने मंदिरों में किया नमन

कार्यक्रम के दौरान पार्टी के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने विभिन्न मंदिरों एवं आश्रमों में पहुंचकर पुजारियों व संतों का सम्मान किया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया:विधायक रवि शमार्ः दुर्गा मंदिर, काली जी मंदिर (लक्ष्मी गेट बाहर), मड़िया मंदिर एवं लक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा दुर्गा मंदिर के पुजारी को अंग वस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया।क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू एवं जिलाध्यक्ष सुधीर सिंहः लहर देवी मंदिर, बुध विहार (पटोरिया) तथा तालपुरा स्थित संत रविदास मंदिर में आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता की।जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह भारत माता मंदिर एवं खाती बाबा मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और पुजारियों को सम्मानित किया।राजीव सिंह परीक्षा विधायक बबीना सिद्धेश्वर बालाजी आश्रम (दोन रोड), शंकर जी मंदिर तथा बाराठा रोड स्थित शंकर जी मंदिर एवं बुध विहार (बड़ागांव) में दर्शन-पूजन किया।महापौर बिहारीलाल आयर्ः ऐतिहासिक गोपीनाथ जी मंदिर पहुंचकर संतों एवं पुजारियों का आशीर्वाद लिया।एमएलसी बाबूलाल तिवारीः प्रसिद्ध मुरली मनोहर मंदिर में दर्शन कर पूज्य पुजारियों का सम्मान किया।एमएलसी रमा निरंजन द्वारा बरुआसागर स्थित स्वर्ग आश्रम झरना एवं नैनागढ़ स्थित शंकर जी के मंदिर में शीश नवाया।कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने संत रविदास जी के आदर्शों को जीवन में उतारने, समाज में समरसता बनाए रखने तथा राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने का सामूहिक संकल्प लिया। जनप्रतिनिधियों के साथ जिला पदाधिकारी विकास कुशवाहा , अरविंद राजपूत, मनु सिंह, रानू देवालिया,संजीव अग्रवाल लाला,ममता साहू, अभिषेक जैन, अमर सिंह कुशवाहा, कपिल बिरसेनिया, मीनू राजावत, विनीत खटीक, अंकित राजा यादव, देवेंद्र दुबे, अनिरुद्ध दुबे,प्रियांशु डे, मोहित पोरवाल,चेतन ओझा, शैलेंद्र परमार, मंगल श्रीवास्तव,अंकित साहू ,रंजीत साहू, विशाल दीक्षित,कमलेश परिहार,मुकेश सोनी बंटी,अनुज नीखरा, राहुल सैनी, निर्मल कुशवाहा, दिलीप पुरी, रूपेश नायक, धर्मेंद्र अहिरवार, रवि राजपूत, बिरजू कुशवाहा, राजेश पाल, सिखा साहू,रवि राजपूत मंडल अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने संत रविदास जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का समापन उपस्थित श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्ताओं के बीच मिष्ठान वितरण के साथ हुआ।



# गौड़ बाबा सिद्धआश्रम पर भव्यता से बनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

### -अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते है गुरु एवं जीवन मे गुरु कृपा जरूरी है - विनोद चतुर्वेदी

( यंग भारत न्यूज )

**झाँसी** । श्री गौड़ बाबा सिद्धाश्रम पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़े ही भव्यता से मनाया गया जिसमे देश के कोने कोने से भक्तों ने आकर आदि गुरु गौड़ बाबा महाराज का सर्वप्रथम पूजन किया फिर भक्तों ने राष्ट्रीय कथाव्यास आचार्य विनोद चतुर्वेदी जी महाराज से आशीर्वाद लिया मुख्य रुप से ग्वालियर, लखनऊ, मऊरानीपुर, भगवंतपुरा, बरुआसागर, निवाड़ी, भोपाल, मुंबई, दिल्ली से भक्तों ने आकर गुरु पूजा की व आचार्य विनोद चतुर्वेदी ही महाराज महंत श्री गौड़ बाबा सिद्ध आश्रम झाँसी ने कहा जीवन मे गुरु कृपा जरूरी है गुरु कृपा से जीवन संवर जाता है गुरु सदमार्ग एवं भगवत प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त्र करते है गुरु कृपा से मनुष्य का जीवन सफल हो जाता है व इस अवसर पर मुख्य रूप से नितिन चतुर्वेदी, मनोज साहू, मनोज अग्रवाल, प्रेमनारायण राय, कैलाश राय, मनोज चौहान, रवि परिहार, अखिल तिवारी, मंदाकिनी तिवारी, सुनीता पांडेय, रागिनी, राकेश पाठक, रामजानकी, ऋषि चतुर्वेदी, प्रवीण शास्त्री, आलोक शास्त्री, हरिओम महाराज, रिछारिया महाराज, वेद शास्त्री सहित आदि भक्तों नें गुरु पूजन किया।



# डॉ. रिचा सेंगर को पीएच.डी. की उपाधि प्रदान, 'भारत में नारीवादी मुद्देः एक विश्लेषणात्मक अध्ययन' विषय पर किया शोध

( यंग भारत न्यूज )

झांसी। बुन्देलखंड विश्वविद्यालय, झांसी में आज आयोजित मौखिक परीक्षा (वाइवा-वोसे) के सफल आयोजन के उपरांत शोधार्थी रिचा सेंगर को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएच.डी.) की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने 'भारत में नारीवादी मुद्देः एक विश्लेषणात्मक अध्ययन' विषय पर अपना शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

शोध कार्य का निर्देशन वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई गवर्नमेंट गर्ल्स डिग्री कॉलेज, झांसी की प्रख्यात शिक्षाविद् प्रो. ज्योति सिंह गौतम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शोध की मौखिक परीक्षा एवं मूल्यांकन उज्जैन से पधारे विषय विशेषज्ञ प्रो. गोपाल कृष्ण शर्मा द्वारा किया गया। विशेषज्ञ ने शोधार्थी के शोध की विषयवस्तु, शोध पद्धति, निष्कर्षों तथा समकालीन सामाजिक परिप्रेक्ष्य में उसकी प्रासंगिकता पर विस्तृत चर्चा की और शोध कार्य को संतोषजनक एवं उपयोगी बताया। इस दौरान अधिष्ठाता कला संकाय प्रोफेसर पुनीत बिसारिया एवं मानविकी एवं अनुप्रयोगात्मक समाज विज्ञान संस्थान के समन्वयक प्रोफ़ेसर मुन्ना तिवारी मौजूद रहे। अपने शोध में रिचा सेंगर ने भारतीय समाज में महिलाओं से जुड़े विभिन्न नारीवादी विमर्शों, लैंगिक समानता, सामाजिक न्याय, महिला अधिकारों तथा बदलते सामाजिक परिवेश में महिलाओं की भूमिका का विश्लेषणात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया है।



यह शोध समकालीन सामाजिक विमर्शों एवं महिला अध्ययन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला माना जा रहा है। रिचा सेंगर उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक (एस.आई.) के पद पर कार्यरत श्री रमेश सिंह सेंगर की पुत्री हैं। उनका पैतृक निवास उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन स्थित ग्राम ऊमरी में है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, शोध निर्देशक, शिक्षकों तथा परिवारजनों के सतत मार्गदर्शन एवं सहयोग को दिया। पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त करने पर विश्वविद्यालय परिवार, शिक्षकों, शोधार्थियों एवं शुभचिंतकों ने रिचा सेंगर को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनका शोध समाज में महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता और नारी अध्ययन से जुड़े विषयों पर नए विमर्श को प्रोत्साहित करेगा तथा अकादमिक जगत के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ सामग्री सिद्ध होगा।

# झपकी आने से खड़े डंपर में घुसी स्लीपर बस, चालक समेत 2 की मौत, 30 घायल

**झांसी।** बुधवार तड़के करीब 4 बजे झांसी के बड़ा गांव थाना क्षेत्र में पारीछा पावर प्लांट के पास प्रयागराज से विदिशा जा रही यात्रियों से भरी स्लीपर बस सड़क किनारे खड़े डंपर से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में बस चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 यात्री घायल हो गए। इनमें तीन की हालत गंभीर बनी हुई है।

बस में लगभग 50 यात्री सवार थे। टक्कर के बाद कई यात्री बस के अंदर फंस गए। सूचना मिलते ही पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंचे। रेस्क्यू के दौरान गैस कटर से बस का अगला हिस्सा काटकर चालक के शव और फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया, जबकि कुछ यात्री खिड़कियों के रास्ते बाहर निकले। मृतकों की पहचान मध्य प्रदेश के अशोकनगर निवासी इस्लाम बेग (33) और विदिशा जिले के रामनगर निवासी कन्ना नायक (69) के रूप में हुई है। घायल यात्री हेमराज नायक ने बताया कि सभी यात्री प्रयागराज में गंगा स्नान कर लौट रहे थे। झांसी से पहले एक ढाबे पर बस कुछ देर रुकी, जहां चालक बदला गया। नया चालक बस चला रहा था और अधिकांश यात्री सो रहे थे। करीब डेढ़ घंटे बाद यह हादसा हो गया। चालक के पीछे वाली सीट पर बैठे कन्ना नायक को सबसे गंभीर चोटें आईं और अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। घायल यात्री बाबूलाल ने बताया कि सभी लोग गहरी नींद में थे। अचानक जोरदार टक्कर हुई और यात्री सीटों से उछलकर नीचे गिर पड़े। बस का मुख्य दरवाजा क्षतिग्रस्त होकर बंद हो गया था, जिससे बाहर निकलना मुश्किल हो गया। कई लोगों को खिड़कियों के रास्ते बाहर निकाला गया। एक अन्य घायल मिथुन ने बताया कि वे परिवार के साथ प्रयागराज में दादी की अस्थियों का विसर्जन कर लौट रहे थे। हादसे के समय वह मोबाइल चला रहे थे। अचानक जोरदार टक्कर हुई और बस की सभी लाइटें बंद हो गईं। इसके बाद चारों ओर चीख-पुकार मच गई। मृतक कन्ना नायक की पत्नी का पांच वर्ष पहले निधन हो चुका था। उनके परिवार में दो बेटे और एक विवाहित बेटी हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। एसपी सिटी प्रीति सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में चालक को नींद की झपकी आने के कारण बस सड़क किनारे खड़े डंपर से टकराने की बात सामने आई है। हादसे में दो लोगों की मौत हुई है, जबकि तीन गंभीर घायलों का उपचार जारी है। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




# बिना मान्यता के संचालित हो रहा खैलार पब्लिक स्कूल केयर किड्स एकेडमी अंतिम सिंह ने कराया सील

**झाँसी।** बिना मान्यता के संचालित हो रहे जनपद में विद्यालयों को लेकर कुछ दिन पूर्व बैठक के दौरान जिलाधिकारी गौरांग राठी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को ऐसे विद्यालयों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। आज खंड शिक्षा अधिकारी बबीना अंतिमा सिंह,नायब तहसीलदार बबीना अजीत यादव , जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता रत्नेश त्रिपाठी द्वारा बिना मान्यता (अमान्य) संचालित खैलार पब्लिक स्कूल/ किड्स केयर एकेडमी बबीना को मौके पर पहुंच कर बंद कराते हुए सील कराया गया। जो कि नर्सरी से कक्षा 7 तक संचालित किया जा रहा था जिसमें मौके पर 120 छात्र/छात्राएं अध्ययनरत पाए गए। आगे संचालित पाए जाने पर 1 लाख अर्थदंड आरोपित किए जाने व विद्यालय के प्रबंधक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराए जाने की चेतावनी दी गई। साथ ही अभिभावकों से बिना मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अपने बच्चों के एडमिशन न कराए जाने की अपील की। खैलार में संचालित परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को उक्त अभिभावकों से संपर्क करते हुए समस्त बच्चों के प्रवेश विद्यालय में कराए जाने के निर्देश दिए गये एवं किसी भी समस्या के लिए अभिभावक द्वारा मोबाइल नंबर 9554588609 एवं 9453004097 पर सम्पर्क करने की भी अपील की गई। खंड शिक्षा अधिकारी अंतिम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशों के क्रम में यह कार्रवाई की गई है बिना मान्यता के संचालित हो रहे विद्यालयों के विरुद्ध लगातार अभियान जारी है जो भी विद्यालय बिना मान्यता के संचालित किया जा रहे हैं सब पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।चेतावनी के बाद भी यदि सुधार नहीं होता है तो फिर विभागीय कार्रवाई के साथ ही प्राथमिकी भी दर्ज कराई जाएगी।

# ललितपुर में छत्तीसगढ़ बीजेपी अध्यक्ष की कार ट्रक से टकराई

### कमर में गंभीर चोट, झांसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती

**झांसी।** यूपी के ललितपुर में बुधवार दोपहर छत्तीसगढ़ भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव की कार हाईवे किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में वह घायल हो गए। उन्हें तत्काल झांसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार, किरण सिंह देव की कमर में गंभीर चोट आई है, जिससे उन्हें चलने-फिरने में दिक्कत हो रही है। प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार के फ्रैक्चर की पुष्टि नहीं हुई है और उनकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। वह मध्य प्रदेश के छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम से लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा तालबेहट क्षेत्र में नेशनल हाईवे-44 पर हुआ। सामने से आ रही तेज रफ्तार कार के अचानक कट मारने पर चालक ने वाहन को बचाने की कोशिश की, लेकिन संतुलन बिगड़ने से कार हाईवे किनारे खड़े ट्रक के पीछे जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय कार की रफ्तार करीब 80 किलोमीटर प्रति घंटा बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही झांसी के जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मेडिकल कॉलेज पहुंचे। भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी अस्पताल पहुंचकर उनका हालचाल लेने पहुंचे।

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से विकास को मिलेगी गति, संसाधनों की होगी बचत : चंद्र कांत चतुर्वेदी

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर श्रमिक संगठनों से सुझाव प्राप्त करने के उद्देश्य से आयोजित वर्चुअल संवाद में भारतीय मजदूर संघ, झांसी विभाग प्रमुख चंद्र कांत चतुर्वेदी ने उप श्रमायुक्त, झांसी के कक्ष से श्रमिकों का पक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।




अपने संबोधन में चंद्र कांत चतुर्वेदी ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव केवल चुनावी सुधार का विषय नहीं, बल्कि सुशासन, विकास और संसाधनों के बेहतर उपयोग से जुड़ा राष्ट्रीय महत्व का विषय है। यदि लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ संपन्न होते हैं तो बार-बार लागू होने वाली आदर्श आचार संहिता के कारण विकास कार्यों में आने वाली रुकावटें समाप्त होंगी और शासन-प्रशासन पूरे समय जनसेवा एवं विकास कार्यों पर केंद्रित रह सकेगा।' उन्होंने कहा कि 'देश में बार-बार होने वाले चुनावों पर सरकारी धन, प्रशासनिक संसाधनों और मानव शक्ति का व्यापक उपयोग होता है। यदि चुनाव एक साथ कराए जाएँ तो समय और संसाधनों की उल्लेखनीय बचत होगी तथा बचाई गई राशि का उपयोग श्रमिक कल्याण, रोजगार सृजन, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और आधारभूत संरचना के विकास जैसे जनहितकारी कार्यों में किया जा सकेगा। चतुर्वेदी ने कहा कि 'भारतीय मजदूर संघ का मानना है कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने के लिए आवश्यक चुनावी सुधार समय की आवश्यकता हैं। किंतु ऐसे किसी भी सुधार को लागू करते समय संविधान की मूल भावना, भारत के संघीय ढाँचे, राज्यों के अधिकारों तथा लोकतांत्रिक परंपराओं का पूर्ण सम्मान किया जाना चाहिए।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718